

# रतलाम के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, सीएम से मिले आरडीए उपाध्यक्ष



▶ शहर की विकास योजनाओं, अधोसंरचना विस्तार और नई परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान रतलाम शहर के समग्र विकास, अधोसंरचना विस्तार और आरडीए द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

भेंट के दौरान आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि रतलाम के सुनियोजित विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आरडीए निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी विकास की नई योजनाओं को गति दी जाएगी। श्री सोनी ने मुख्यमंत्री को आरडीए द्वारा पूर्व में संचालित तथा वर्तमान में प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने शहर में आवासीय, व्यावसायिक एवं अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही रतलाम के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

**योजनाओं की दी जानकारी**

श्री सोनी ने मुख्यमंत्री को आरडीए द्वारा संचालित और प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए शहर के आवासीय, व्यावसायिक एवं अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही रतलाम की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई परियोजनाओं के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी शहरों के संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी संगठन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से रतलाम के विकास को नई दिशा देने की बात कही।



# अवैध बोरवेल खनन पर मशीनें जब्त

**रतलाम।** तहसील आलोट के ग्राम झांगरिया में अवैध रूप से नलकूप खनन किए जाने की सूचना पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मौके से बोरवेल मशीन एवं कंप्रेशर मशीन जब्त की है। कार्रवाई के बाद संबंधित मामले में पुलिस थाना आलोट में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। एसडीएम आलोट रचना शर्मा ने बताया कि अवैध नलकूप खनन की शिकायत मिलने पर प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में बिना अनुमति नलकूप खनन किए जाने की पुष्टि होने पर मशीनरी को जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले की रिपोर्ट पुलिस थाना आलोट को भेजी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध नलकूप खनन एवं भूजल दोहन के मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गायब होने की चर्चाओं के बीच कमलेश्वर डोडियार का सोशल मीडिया पर जवाब

▶ राज्यसभा चुनाव को लेकर बोले- 'दल्लों-गल्लों के सवालों का जवाब नहीं दूंगा'



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** राज्यसभा चुनाव के बीच सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के फोन बंद होने और उनके 'लापता' होने की चर्चाओं के बीच उनकी एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है।

फेसबुक पर की गई पोस्ट में विधायक डोडियार ने लिखा कि, 'मेन स्ट्रीम मीडिया को सूचित करता हूँ कि राज्यसभा चुनाव के बारे में 18 जून को ही बताऊंगा कि मैंने वोट किसको दिया?' इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'और हाँ दल्लों और गल्लों के सवालों का जवाब नहीं दूँगा। हमें सुझाव देने वाले दल्लों को पहले पंच या पार्षद बनना चाहिए।'

विधायक की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज है और विभिन्न संगठनों तथा राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा उनसे सार्वजनिक रूप से अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की जा रही थी।

बताया जा रहा है कि विधायक के संपर्क में नहीं होने और फोन बंद रहने की खबरों के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। इसी बीच डोडियार ने अपनी पोस्ट के माध्यम से आलोचकों और सुझाव देने वालों पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने संकेत दिया कि राज्यसभा चुनाव में उनके मतदान संबंधी निर्णय की जानकारी 18 जून के बाद ही सार्वजनिक करेंगे।

विधायक की इस पोस्ट के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। वहीं, उनके समर्थक इसे आलोचनाओं का करारा जवाब बता रहे हैं, जबकि विपक्षी दल और राजनीतिक पर्यवेक्षक चुनावी समीकरणों के संदर्भ में इसके अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं।

## लापरवाही से रिक्शा चलाने पर केस

**रतलाम।** फरियादी धर्मेन्द्र सिंह नरूका (29) निवासी 15 रेल नगर रतलाम की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि 1 जून को सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच सब्जी मंडी गेट, सैलाना रोड पर लोडिंग रिक्शा क्रमांक एमपी-43-जेडएल-0676 के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में भंवर सिंह नरूका (58) निवासी रेल नगर को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी लोडिंग रिक्शा चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

# उर्वरक विक्रेताओं पर कृषि विभाग का शिकंजा, 6 लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। यह कार्रवाई राज्य शासन के निर्देशों और कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कृषि विभाग के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से जिले में ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के माध्यम से ही किसानों को उर्वरक वितरण किया जाना अनिवार्य किया गया है। जांच के दौरान रतलाम विकासखंड स्थित मेसर्स राठौर केमिकल एंड फर्टिलाइजर, नामली द्वारा बिना ई-टोकन के सीधे किसानों को उर्वरक वितरित किया जाना पाया गया। इसके बाद संबंधित फर्म का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उर्वरक निरीक्षण दल द्वारा जिलेभर में किए गए निरीक्षण में नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आने पर आलोट क्षेत्र की चार अन्य निजी फर्मों— मेसर्स अरिहंत ट्रेडर्स, मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज, मेसर्स नवपद ट्रेडर्स तथा मेसर्स कुतुबी फर्टिलाइजर्स— के लाइसेंस भी निलंबित किए गए। उप संचालक कृषि आर.के. सिंह ने बताया कि किसानों को उर्वरक वितरण केवल ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई भी फर्म बिना ई-टोकन के उर्वरक विक्रय करते हुए पाई गई तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत वैधानिक कार्रवाई होगी।

**एक नजर में**

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ग्लोबल व्हील फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों के माध्यम से आलोट एवं रतलाम शहरी परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई, जिससे जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। सर्वप्रथम मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी रूप से समुदाय तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने एवं उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए गए।

## जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आज

**रतलाम।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक 10 जून को सायं 4.30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की जाएगी।

## किसानों को दी संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि आर के सिंह के मार्गदर्शन में आज खेड़ीबजरंगगढ़ ग्राम पंचायत में कृषि विस्तार अधिकारी (श्वह) आरएलडी द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व, फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने संबंधी जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने से फसल उत्पादन बढ़ता है तथा मिट्टी की गुणवत्ता भी सुरक्षित रहती है।

## नवकार भवन में आज होंगे महासती मृदुला श्रीजी के प्रवचन

**जावरा।** शहर के कुम्हारी पूरा स्थित नवकार भवन में आज बुधवार को मंगल प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर जैन समाज में खासा उत्साह है। आचार्य श्री विजयराज महाराज साहब की आज्ञानुवृत्ति शिष्या, परम विदुषी महासती मृदुला श्रीजी महाराज साहब और वीणा श्रीजी महाराज साहब (ठाना 5) के पावन सान्निध्य में यह धर्मसभा आयोजित होगी। श्री साधु मार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि महासती जी के मंगल प्रवचन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होंगे। संघ ने सकल श्रीसंघ, श्रावक-श्राविकाओं और सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से विनम्र अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर संतों के दर्शन, वंदन और प्रवचन श्रवण कर अधिक से अधिक धर्म लाभ लें।

## लापरवाही से वाहन चलाने पर केस

**रतलाम।** सोमवार को बाजना थाना क्षेत्र के ईमलीपाड़ा में एक मोटरसाइकिल चालक ने दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश पिता हिरालाल भगौरा (30) निवासी ईमलीपाड़ा कला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जून को शाम करीब 4.30 बजे उसके घर के सामने मेन रोड ईमलीपाड़ा पर एक युवक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-43-ईजे-7333 को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए आया और राहुल पिता नाथूलाल प्रजापत तथा प्रियल पिता सत्यनारायण प्रजापत को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक सोहन पिता मंजी निनामा निवासी केसरपुरा थाना आम्बापुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।



# एसबीआई के नवागत मुख्य प्रबंधक का स्वागत

**रतलाम।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की औद्योगिक शाखा में पदस्थ नवागत मुख्य प्रबंधक प्रमोद पोरवाल का ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। रेल विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को बैंक के माध्यम से पेंशन एवं अन्य भुगतान समय पर और प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाते हैं। फेडरेशन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने कहा कि सामान्यतः पेंशन भुगतान में कोई बड़ी समस्या नहीं आती, लेकिन कभी-कभी भुगतान में विलंब या तकनीकी कारणों से पेंशनरों को परेशानी होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार रामखेलावन कुमायूं, मनोहर पचोरी तथा सदस्य यू.एल. जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रतलाम मंडल में अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस मनाया

▶ नुक्कड़ नाटक, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में 7 से 9 जून 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता अभियान चलाया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न समपार फाटकों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पोस्टर, बैनर, पंपलेट और व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से लोगों को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। रेलवे कर्मचारियों एवं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वाहन चालकों और नागरिकों को संरक्षा नियमों से अवगत कराया। अंतर्राष्ट्रीय समपार सुरक्षा जागरूकता दिवस पर रतलाम-गोधरा रेलखंड के समपार क्रमांक 80 तथा बंजली-सेजावता बाइपास स्थित समपार संख्या 190 पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में सड़क उपयोगकर्ताओं को संभावित दुर्घटनाओं से बचाव और रेलवे सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने कहा कि समपार फाटकों पर अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय भूल और लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि फाटक बंद होने पर जोखिम न लें और 'दुर्घटना से देर भली' के संदेश को अपनाएं। अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित यात्रा, रेल संरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।

## फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान के तहत जनक हॉस्पिटल का निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले में अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर अनुविभाग स्तर पर गठित फायर सेफ्टी ऑडिट दल द्वारा संस्थानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में दल द्वारा जनक हॉस्पिटल का फायर ऑडिट किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं, उपकरणों तथा आवश्यक सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने संस्थान में उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण दल में तहसीलदार प्राची गायकवाड सहित दल के सदस्य उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा जिले में फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि जनसुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

# 61 हजार रुपये से अधिक की शराब बरामद

▶ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज, शराब के स्रोत और नेटवर्क की जांच शुरू



**नामली।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नामली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मकान से 19 पेटी अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी किशोर कुमार पाटनवाला के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पैलेस रोड स्थित यशवंत सिंह सोलंकी (53) के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान वहां से 4 पेटी देशी मदिरा और 15 पेटी बीयर सहित कुल 19 पेटी अवैध शराब बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार जब्त शराब की मात्रा 211.3 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 61 हजार 770 रुपये है। मामले में आरोपी यशवंत सिंह सोलंकी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड प्राप्त करेगी, ताकि अवैध शराब के स्रोत, परिवहन और इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा सके। मामले में आजाद सिंह सोलंकी निवासी पैलेस रोड नामली को फरार आरोपी बताया गया है, जिसकी तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित कुमार कोरी, उपनिरीक्षक हीरालाल चंदेल, प्रधान आरक्षक गोपाल खराड़ी तथा पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चौराहे पर युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट

**रतलाम।** पुरानी रंजिश को लेकर अंबे माता मंदिर चौराहा क्षेत्र में एक नाबालिग युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 8 जून को शाम करीब 4.40 बजे थाना बाजना में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक घटना उसी दिन दोपहर करीब 3.30 बजे अंबे माता मंदिर चौराहा स्थित लस्सी की दुकान के सामने हुई। फरियादी 17 वर्षीय अंकित पिता राजु निनामा निवासी ग्राम उमरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी राहुल पिता मुन्ना कटारा निवासी रतनगढ़पीठ ने पुरानी बात को लेकर उसके साथ विवाद किया। आरोप है कि आरोपी ने फरियादी के साथ अश्लील गाली-गलौज की तथा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## अवैध पेट्रोल विक्रय पर कार्रवाई, प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** बाजना में सड़क किनारे अवैध रूप से पेट्रोल का भंडारण एवं विक्रय करने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार बाजना के प्रतिवेदन पर थाना बाजना में लक्ष्मण प्रजापति निवासी बाजना के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में कार्यपालिक दंडाधिकारी अनुविभाग सैलाना पारस वैश, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मोहित मेघवंशी, राजस्व निरीक्षक बाजना राजेश पालिया पटवारी मुकेश चौहान के संयुक्त दल द्वारा 3 जून को त्रिवेणी अस्पताल के सामने निरीक्षण के दौरान लक्ष्मण प्रजापति को हाथ ठेला पर प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल बेचते हुए पाया गया। मौके से 3 बोतल में 5 लीटर एवं 500-500 एमएल की कुल मात्रा 6 लीटर लगभग पेट्रोल जब्त किया गया।

जांच में सामने आया कि पेट्रोल राजस्थान के छोटी सरवा स्थित पेट्रोल पंप से लाकर बाजना में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था। प्रशासन ने बिना वैध दस्तावेज पेट्रोल के भंडारण एवं विक्रय को कानूनन अपराध मानते हुए आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की है।

# लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों में गुस्सा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** क्षेत्र के विकास और अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। सेतु विभाग की घोर लापरवाही के खिलाफ गुरुवार को सुबह 7:30 बजे से असावती में एक विशाल और अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।

इस आंदोलन में असावती सहित भड़का, शक्करखेड़ी, आनाखेड़ी, बोरवनी, एरवास, माधोपुर, मेलुखड़ी सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों नागरिक सड़कों पर उतरेंगे। यह विरोध प्रदर्शन ताल-मंदसौर और जावरा-सीतामऊ रोड पर चंबल नदी की पुलियाओं (महादेव खाल, भड़का खाल एवं रोला खाल) के अधूरे निर्माण के खिलाफ है। बताते चले कि, चंबल नदी की इन तीनों महत्वपूर्ण पुलियाओं का निर्माण कार्य पिछले 12 सालों से अधूरा पड़ा है। इतने लंबे समय के बाद भी सेतु विभाग इसे पूरा कराने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य में बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिस पर विभाग के अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी थीं।

नतीजा यह है कि नदी में खड़े किए गए पिलर (थम्बे) अब पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और किसी काम के नहीं रहे। क्षेत्र की त्रस्त जनता ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यह चक्का जाम तब तक अनिश्चितकालीन जारी रहेगा, जब तक कि सेतु विभाग एवं प्रशासन के वरिष्ठ और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर काम शुरू कराने का ठोस व लिखित आश्वासन नहीं देते।

**एक नजर में** ▶ लोकायुक्तकार्रवाई से दूसरों की पेंशन अटकाने वाले की खुद की पेंशन पर संकट

# पेंशन के नाम पर रिश्वत लेते शिक्षा विभाग का बाबू रंगे हाथों गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भ्रष्टाचार के दीमक से खोखले हो रहे सिस्टम की एक और घिनौनी तस्वीर जावरा में सामने आई है। जहाँ एक सेवानिवृत्त शिक्षक को अपनी ही जीवन भर की गाडी कमाई (पेंशन) पाने के लिए दर-दर भटकना पड रहा था। लेकिन उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने इस अवैध वसूली का भंडाफोड करते हुए शिक्षा विभाग के एक बाबू को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक बडा और चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि आरोपी बाबू इससे पहले 15,000 रुपये ऑनलाइन भी ले चुका था। अब जांच का सबसे बडा विषय यह है कि आखिर किसके इशारे पर यह अवैध वसूली का गोरखधंधा चल रहा था?। भ्रष्टाचार के इस मामले में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडा गया आरोपी बाबू अनिल वर्मा अगले ही साल यानी 2027 में सेवानिवृत्त (रिटायर) होने वाला था। रिटायरमेंट से ठीक एक साल पहले चंद रुपयों के लालच ने न सिर्फ उसके पूरे सेवाकाल पर भ्रष्टाचार का गहरा दाग लगा दिया है, बल्कि अब उसकी खुद की पेंशन और रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले लाभ भी खटाई में पड सकते हैं। जो व्यक्ति दूसरों के रिटायरमेंट के कागज़ात रोककर अवैध वसूली कर रहा था, अब उसका अपना रिटायरमेंट सलाखों के साये में घिर गया है।

**रिटायरमेंट प्रमाण पत्र और पीपीओ के एवज में मांगी थी घूस**

यह कार्रवाई लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के सख्त निर्देशों और पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार यादव के प्रभावी मार्गदर्शन में की गई। शिकायतकर्ता लक्ष्मीनारायण लोट (सेवानिवृत्त उच्च माध्यमिक शिक्षक, शा. उ.मा.वि. हाटपिपल्या, ब्लॉक जावरा) ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र और पी.पी.ओ. जारी करवाने के एवज में जावरा स्थित शासकीय कन्या उ.मा.वि. कमला नेहरू संकुल केंद्र का सहायक ग्रेड-2 (बाबू) अनिल वर्मा लगातार रुपयों की मांग कर रहा था।